कैम्पस में 100 स्थान वाला एक छात्रावास। मुख्य कैम्पस में दो छात्रावासों में से 100 स्थान वाला एक छात्रावास केवल छात्राओं के लिए होगा ।

शोध छात्रों का कथित शोषण

3719. **श्रीमती वीणा वर्मा** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रोफेसरों तथा लेक्चरारों द्वारा शोध छात्रों के शोषण तथा उनकी मनमानी को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जांच कराने के लिए सरकार के पास कोई समिति है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) शोध छात्रों को पिछले तीन वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शिक्षावृत्ति की कितनी धनराशि का भुगतान किया गया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री पी०वी० नरसिंह राव) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) अपनी विभिन्न अनुसंधान छात्र-वृत्ति योजनाओं के अंतर्गत आयोग द्वारा अनुसंधान अध्येताओं को दी गई शिक्षावृत्ति राशि निम्नलिखित रूप से है :—

(i)	कनिष्ठ अनुसंधान शिक्षावृत्ति	प्रतिमाह 1000 रु० जो कि 2 वर्ष के पश्चात कार्य के सशक्त मूल्यांकन के बाद बढ़ा कर 1200 रु० प्रति मास तक की जा सकती है ।
(ii)	अनुसंधान एसोशिएट-शिप	श्रेणी क—1400 रु० प्रति माह
		श्रेणी ख—1600 रु० प्रति माह
		श्रेणी ग—1800 रु० प्रति माह
		श्रेणी घ—2000 रु० प्रति माह
(iii)	इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में शिक्षावृत्तियां	1200 रु० प्रति माह

इस शिक्षावृत्ति के साथ एक आकस्मिक अनुदान भी अनुमत्य है ।

सोवियत संघ में भारत महोत्सव में हिन्दी कार्यक्रम

3720. **श्रीमती वीणा वर्मा** : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि सोवियत संघ में होने वाले भारत महोत्सव में हिन्दी साहित्य से संबंधित निर्धारित किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : सोवियत संघ में भारत महोत्सव के दौरान "काव्य संध्या" और "भारत तथा सोवियत संघ के बहुराष्ट्रीय एवं बहुभाषी साहित्य" पर एक सेमिनार नामक दो कार्यक्रमों में हिंदी के साथ-साथ भारतीय साहित्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी ।

सोवियत संघ में भारत महोत्सव में क्षेत्रीय भाषाओं के कवियों तथा आलोचकों का दौरा

3721. **श्रीमती वीणा वर्मा** : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि सोवियत संघ में आयोजित किए जा रहे भारत महोत्सव में भाग लेने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं के कितने कवि तथा आलोचक पहले ही भेजे जा चुके हैं तथा अब और कितनों के भेजे जाने की संभावना है तथा इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मन्त्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री